संख्या-5/2021/43/71-1-2021-जी-89/2006

प्रेषक,

एस0 पी0 सिंह,
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 08 जनवरी, 2021

विषय:- वित्तीय वर्ष 2020-21 में पैरा मेडिकल ट्रेनिंग कालेज, झॉसी के निर्माण हेतु धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि पैरा मेडिकल ट्रेनिंग कालेज, झॉसी के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-203/2018/2333/71-1-2018-जी-89/2006, दिनॉक 13-07-2018 द्वारा व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित पुनरीक्षित लागत रू0 40356.19 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। उक्त पुनरीक्षित लागत रू0 40356.19 लाख के सापेक्ष विभिन्न् शासनादेशों द्वारा कुल रू0 35629.41 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है।

2- उक्त के क्रम में आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2020-21/694, दिनॉक 01-01-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पैरा मेडिकल ट्रेनिंग कालेज, झॉसी के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत वृहद निर्माण कार्य के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0 500.00 लाख (रू0 पॉच करोड़ मात्र) की धनराशि अवमुक्त किए जाने पर राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष् स्वीकृति प्रदान करते है:-

1- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 24-03-2020 एवं शासनादेश दिनॉक 07.04.2020, 11.04.2020 तथा 29.09.2020 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
2- स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
3- प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय।
4- कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी महानिदेशक/प्रधानाचार्य/कार्यदायी संस्था की होगी।
5- अवमुक्त धनराशि का आहरण आवश्यकतानुसार करते हुए व्यय नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0/बैंक खाते में नही रखा जायेगा।
6- प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की दिरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से महानिदेशक /प्रधानाचार्य द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
7- कार्यदायी संस्था को दो माह की आवश्यकता के अनुसार धनराशि अवमुक्त की जायेगी। विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनात वित्त नियंत्रक का यह उत्तरदायित्व होगा कि धनराशि का कोषागार से आहरण दो-दो माह की आवश्यकता के अनुसार ही किया जाये।
8- प्रश्नगत निर्माण कार्य की आई0आई0टी0, कानपुर के विशेषज्ञ दल द्वारा माह नवम्बर, 2020 में किये गये थर्ड पार्टी आडिट आख्या में दिये गये सुझावों के अनुसार वांछित कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या व कार्य की गुणवत्ता के संतोषजनक होने संबंधी प्रमाणपत्र निदेशक, पैरा मेडिकल ट्रेनिंग कालेज, झांसी के हस्ताक्षर सहित शासन को 01 माह में उपलब्ध कराया जायेगा।
9- शासनादेश संख्या-यू0ओ0-213/26-ब0प्र0-2007-जी-89/2006, दिनांक 29.03.2007 एवं शासनादेश संख्या-203/2018/2333/71 -1-18-जी-89/2006, दिनांक 13.07.2018 की शेष शर्ते यथावत् रहेंगी।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-03-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-57-पैरा मेडिकल कालेज, झॉसी-24-वृहद निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-10/2020/बी-1-564/दस-2020-231/2020, दिनॉक 29 सितम्बर, 2020 में प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(एस0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

संख्या:- 5/2021/43(1)/71-1-2021 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, झाँसी।
4- निदेशक, पैरा मेडिकल ट्रेनिंग कालेज, झाँसी।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज झाँसी।
6- वरिष्ठ कोषाधिकारी, झाँसी।
7- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, गोमती नगर, लखनऊ।
8- नियोजन अनुभाग-4
9- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(एस0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।